राज्यपाल सचिवालय, बिहार

**राजभवन, पटना–800 022**

**प्रथम अपील वाद संख्या–127 (प्र.अ.प्रा.)/2024–25**

**श्री रोहित कुमार,** ग्राम+पो०–धबही, थाना–लौकही, जिला– मधुबनी–847 108

बनाम

**लोक सूचना पदाधिकारी,** राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा–19(1) के अधीन)

| क्रम संख्या एवं दिनांक | **आदेश** | आदेश पर की गई कार्रवाई के संबंध में टिप्पणी– दिनांक संहित |
|---|---|---|
| 01<br>10.03.2025 | अपीलांट के **दिनांक–12.02.25** के प्रथम अपील आवेदन एवं उसके साथ संलग्न उनके **दिनांक–22.12.2024** के मूल सूचनावेदन (**प्रपत्र 'क'**) की प्रति संलग्न करते हुए लोक सूचना पदाधिकारी को निदेशित किया जाता है कि अपीलांट के मूल सूचनावेदन के माध्यम में माँगी गयी सूचना के संबंध में एक तथ्यात्मक एवं आत्म–भारित प्रतिवेदन इस आदेश की प्राप्ति के पाँच कार्यदिवसों के अन्दर अनिवार्यतः उपलब्ध करायी जाये जिसमें इस तथ्य का स्पष्ट रूप से उल्लेख हो कि माँगी गई सूचना अभी तक उपलब्ध नहीं करायी गयी है अथवा नहीं। यदि माँगी गई सूचना अभी तक नहीं उपलब्ध करायी गई है, तो अधिनयम की धारा–8, 9, 10 एवं 11 के अध्याधीन माँगी गयी सूचना अविलम्ब अपीलांट को स्पीड–पोस्ट द्वारा प्रेषित की जाये।<br>2. इस आदेश के अनुपालन मे लोक सूचना पदाधिकारी द्वारा प्रेषित सूचना से यदि अपीलांट संतुष्ट नहीं हों, तो अगले पाँच कार्यदिवसों के अन्दर वे अपना पक्ष लिखित तौर पर उन कारणों/आधारों का उल्लेख करते हुए प्रेषित करें कि वे किस कारण से/आधार पर लोक सूचना पदाधिकारी द्वारा दी गयी सूचना से असंतुष्ट हैं और ऐसी स्थिति में वे स्वयं, अथवा अपने विधिवत् प्राधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से, जिनका पंजीकृत विधिक पेशेवर होना आवश्यक नही है, **दिनांक–18.03.2025** को **अपराह्न 01:00 बजे** प्रस्तुत प्रथम अपील की सुनवाई हेतु उपस्थित हो सकते हैं।<br>3. अपीलांट के उपस्थित नहीं होने पर यह धारण ली जायेगी कि लोक सूचना पदाधिकारी द्वारा इस आदेश के अनुपालन में प्रेषित सूचना से अपीलांट संतुष्ट हैं और तदनुरूप अभिलेख में उपलब्ध कागजातों एवं गुणागुण के आधार पर प्रस्तुत प्रथम अपील को निर्णीत किया जायेगा। | |

राज्यपाल सचिवालय, बिहार
**राजभवन, पटना–800 022**

| | | |
|---|---|---|
| | 4. सुनवाई हेतु उपस्थित होने की स्थिति में अपीलांट इस आदेश की प्रति तथा केन्द्र सरकार/राज्य सरकार द्वारा निर्गत कोई विधिमान्य फोटोयुक्त मूल पहचान–पत्र अपने साथ अवश्य लेकर आयेंगे ताकि राज भवन के स्थापित सुरक्षा प्रोटोकॉल के अनुसार उन्हें राज भवन परिसर स्थित अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय–कक्ष में प्रवेश देने हेतु राज भवन के सुरक्षा प्रभारी से अनुरोध किया जा सके।<br>5. अपीलांट द्वारा प्रथम अपील आवेदन शुल्क के रूप में प्रेषित भा. पो. ऑ. (**संख्या–64F 873310**) की मूल प्रति लेखा पदाधिकारी को हस्तगत कराई जाये जिनके द्वारा विहित प्रक्रियानुसार पूर्वोक्त इंस्ट्रूमेंट को राज्य सरकार के उपयुक्त प्राप्ति शीर्ष में जमा कराने की कार्रवाई की जायेगी।<br><br>ह./–<br>(संजय कुमार मिश्र)<br>अवर सचिव (विधायी)–सह–प्रथम अपीलीय प्राधिकारी | |

**ज्ञापांक**–127 (प्र.अ.प्रा.)/2024–25– 604 (रा.स.)/पटना दिनांक–**10** मार्च, 2025

प्रतिलिपिः

1. **लोक सूचना पदाधिकारी**, राज्यपाल सचिवालय, बिहार पटना (**पत्र–वितरण पंजी के माध्यम से**),
2. **लेखा पदाधिकारी**, राज्यपाल सचिवालय, बिहार पटना को भा.पो.ऑ. (**संख्या–64F 873310**) की मूल प्रति के साथ (**पत्र–वितरण पंजी के माध्यम से**),
3. **श्री रोहित कुमार,** ग्राम+पो०–धबही, थाना–लौकही, जिला– मधुबनी–847 108 (**स्पीड–पोस्ट से**),
4. **सुरक्षा प्रभारी**, राजभवन, बिहार, पटना (**पत्र–वितरण पंजी के माध्यम से**) को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु, और
5. **आई.टी. प्रबंधक,** राज्यपाल सचिवालय, बिहार, पटना (**पत्र–वितरण पंजी के माध्यम से**) को राज भवन के आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

10·03·25
अवर सचिव (विधायी)–सह–प्रथम अपीलीय प्राधिकारी

राज्यपाल सचिवालय, बिहार
राज भवन, पटना-800 022

**प्रथम अपील वाद संख्या-127 (प्र.अ.प्रा.)/2024-25**

**श्री रोहित कुमार**, ग्राम-धबही,पोस्ट-लौकही, जिला-मधुबनी, पिन-847 108

बनाम

**लोक सूचना पदाधिकारी**, राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा-19 (1) के अधीन)

| **आदेश** |
|---|
| **ज्ञापांक-604** दिनांक-**12.03.25** के गत आदेश के आलोक में इस लोक प्राधिकार के लोक सूचना पदाधिकारी, श्री कमलेश प्रसाद सिन्हा तथा सम्बंधित सहायक प्रशाखा पदाधिकारी एवं डीम्ड लोक सूचना पदाधिकारी, श्री रणजीत कुमार-। उपस्थित हैं, जबकि अपीलांट अनुपस्थित। <br>**2.** लोक सूचना पदाधिकारी द्वारा अपीलांट की सूचना की माँग के अधिनियम की धारा-8, 9, 10 एवं 11 के अध्याधीन होने का कोई तर्क (plea) नहीं प्रस्तुत किया गया और माँगी गयी सूचना के सम्बन्ध में सम्बंधित संचिका के **टिप्पणी खण्ड** के **कुल सात पृष्ठों** तथा **पत्राचार खण्ड** के **कुल तीन पृष्ठों** की सूचना सुनवाई के समय उपलब्ध कराई गयी है जो सूचना की माँग के अनुरूप है और पूर्ण सूचना है। <br>**3.** उल्लिखित तथ्यों एवं भारत सरकार के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा निर्गत कार्यालय ज्ञाप संख्या-10/23/2007-IR दिनांक-09.07.2007 के पैरा-4 (ii) के आलोक में अपीलांट को सम्बंधित संचिका के **टिप्पणी खण्ड** के **कुल सात पृष्ठों** तथा **पत्राचार खण्ड** के **कुल तीन पृष्ठों** की सूचना स्पीड-पोस्ट से इस आदेश के साथ ही अविलम्ब एवं निःशुल्क प्रेषित किये जाने का आदेश दिया जाता है। <br>**4.** इसी के साथ प्रस्तुत प्रथम अपील आवेदन को निष्पादित किया जाता है। **ह./-** <br>(संजय कुमार मिश्र) <br>अवर सचिव (विधायी)-सह-प्रथम अपीलीय प्राधिकारी |

ज्ञापांक-127 (प्र.अ.प्रा.)/2024-25- 612 (रा.स.)/पटना, दिनांक- 18 मार्च, 2025

1. **लोक सूचना पदाधिकारी**, राज्यपाल सचिवालय, बिहार, पटना (**पत्र-वितरण पंजी के माध्यम से**); एवं
2. **श्री रोहित कुमार**, ग्राम-धबही, पोस्ट-लौकही, जिला-मधुबनी, पिन-847 108 को उनके द्वारा माँगी गयी सूचना से **सम्बंधित संचिका** के **टिप्पणी खण्ड** के **कुल सात पृष्ठों** तथा **पत्राचार खण्ड** के **कुल तीन पृष्ठों** की छाया-प्रति के साथ (**स्पीड-पोस्ट से**) सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु; और
3. **आई.टी. प्रबंधक**, राज्यपाल सचिवालय, बिहार, पटना (**पत्र-वितरण पंजी के माध्यम से**) को राज भवन के आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

18.03.25

अवर सचिव (विधायी)-सह-प्रथम अपीलीय प्राधिकारी